25.07.2018

पत्रांक–14/ए0एफ0–09/18..................
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक:

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।

पटना, दिनांक ....../....../2018

विषय:– श्री कृष्ण महाविद्यालय लोहंडा, जमुई को स्नातक कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकायों में स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक सत्र 2018–21 से स्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक– 302/18 दिनांक–13.06.2018 के आलोक में निदेशानुसार कहना है कि विश्वविद्यालय के अनुशंसा के आलोक में श्री कृष्ण महाविद्यालय लोहंडा, जमुई को बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा 21(2) (d) के तहत् स्नातक कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकायों में स्नातक पास एवं प्रतिष्ठा स्तर तक सत्र 2018–21 से निम्नलिखित विषयों में स्थायी संबंधन प्रदान की जाती है:–

क्र0 सं0	संकाय	विषय
1.	कला संकाय:– (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर)	हिन्दी, अंग्रेजी, ऊर्दू, संस्कृत, पाली, संगीत, इतिहास, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, मनोविज्ञान, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र,, दर्शनशास्त्र, भूगोल, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान एवं श्रम एवं समाज कल्याण (कुल 16 विषयों में)।
2.	वाणिज्य संकाय:– (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर)	एकाउन्ट एवं कॉरपोरेट मैनेजमेन्ट ग्रुप विषय सहित सभी अनिवार्य विषयों मे।
3.	विज्ञान संकाय:– (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं गणित (कुल 05 विषयों में)।

विश्वासभाजन

ह0/–
(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक 14/ए0एफ0–09/18............ 893 पटना, दिनांक 25-07-2018

प्रतिलिपि:–माननीय मंत्री के आप्त सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव के आप्त सचिव/निदेशक, उच्च शिक्षा/सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, बिहार, पटना/कुलसचिव, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर तथा प्राचार्य, श्री कृष्ण महाविद्यालय लोहंडा, जमुई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

25/7/18

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव।

A

Letter 2018 P. No